प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात
दिनांक- 20.07.2025

- **थाना रूरा पुलिस की कार्यवाही से चोरी की घटना कारित करने वाले 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया 01 अदद ऑटो बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 12.07.2025 को वादी श्री शिवम कुमार पुत्र राधेश्याम निवासी रामनगर मोहल्ला गायत्री कालेज के पास कस्बा रूरा, थाना रूरा, कानपुर देहात के द्वारा दिनांक 01.07.2025/02.07.2025 की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा वादी का ऑटो नं0 यूपी 77 AT 2308 दरवाजे के बाहर से चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर थाना रूरा पर मु0अ0सं0- 232/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये अभियुक्त विशाल पुत्र धर्मेन्द्र चमार निवासी ग्राम पुर थाना अकबरपुर, कानपुर देहात को मुखबिर खास की सूचना पर थाना रूरा पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त उपरोक्त को मय चोरी किये गये वाहन ऑटो नं0 यूपी 77 AT 2308 के साथ आज दिनांक 20.07.2025 को नहर पुल अकबरपुर रोड से करीब 25 मीटर पीछे हसनापुर की तरफ थाना रुरा क्षेत्रांतर्गत से समय 11.50 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2)/61(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ से प्रकाश में आए शेष वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है, शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

विशाल पुत्र धर्मेन्द्र चमार उम्र करीब 18 वर्ष निवासी ग्राम पुर थाना अकबरपुर कानपुर देहात

बरादगी का विवरण

01 अदद चोरी किया गया ऑटो नं0 यूपी 77 AT 2308 बरामद।

पूछताछ विवरण-

अभियुक्त ने पूछने पर बताया कि दिनांक 01/02.07.2025 की रात्रि में करीब 10.00 बजे मैं और मेरे साथी अमित पुत्र स्व0 रामलखन निवासी निवासी ग्राम पुर थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात व श्यामजी निवासी हसनापुर थाना रूरा जनपद कानपुर देहात के साथ रूरा चौराहे पर कुछ खाने-पीने आये थे। गुप्ता जी की दुकान से हम लोगों ने मोमोज़ फिंगर खाये एवं ठंडा पिया था, फिर हम लोग इसके बाद कुछ देर आगे चलकर पावर हाउस के पास बातचीत

की, कि अपने पास पैसा नही है चलो कुछ काम कर लेते हैं। फिर हम लोग पावर हाउस के बगल से मोहल्ला रामनगर की तरफ गलियों में अन्दर चले गये। जब हम लोग घूमते-घूमते आगे पहुंचे तो हम लोगों को सड़क किनारे एक ऑटो खड़ा दिखाई दिया। हम लोगों ने उसे चुराने की योजना बनाई और ऑटो को मैंने चाबी न होने के कारण डायरेक्ट कर दिया और स्टार्ट करके डेरापुर रोड से होते हुये हसनापुर गांव में श्यामजी के घर ऑटो छुपाकर खड़ा कर दिया और हम लोग अपने-अपने घर चले गये। श्याम जी और अमित बाहर चले गये हैं। मैं आज ऑटो को बेचने के लिये कानपुर जा रहा था तभी गांव से निकलने के बाद अकबरपुर रोड से करीब 500-600 मीटर पहले ऑटो खराब हो गया। मैं मिस्त्री लेने के लिये पैदल-पैदल अकबरपुर रोड़ पर जा रहा था कि आप लोगों ने पकड लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना रूरा पुलिस